सराहनीय कार्य
इटावा पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस नोट- दिनांक 26.04.2026

TAKING A BITE OUT OF CRIME 24/7
#धोखाधड़ी के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस

- *#साइबर गैंग का भण्डाफोड़*
- **गिरोह बनाकर साइबर फ्रॉड के माध्यम से लोगो से धोखाधडी कर अर्जित धन को ऑनलाइन गेम 82 लॉटरी एप्प द्वारा सर्कुलेट करने वाले 04 साइबर ठगों को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।**
- **कब्जे से 30,60,000/- रुपये नकद, विभिन्न अकाउंट में निवेश कुल 60,58,042/- रूपयों को लीन/होल्ड की कार्यवाही करायी गयी है। (कुल 91,18,042/- रूपये बरामद)**

82 लॉटरी एप्प से अर्जित कर विभिन्न अकाउन्ट में निवेश रूपयों का विवरण-

- **CBI A/c 5836660755 - बैलेंस: 5,01,346/- रूपये**
- **SBI A/c 44348498060 - बैलेंस: 4,47,117/- रूपये**
- **BINANCE (क्रिप्टो करेन्सी एक्सचेन्ज) - बैलेंस: 43,89,000/- रूपये**
- **BYBIT- बैलेंस: 1,49,000/- रूपये।**
- **JAR App - 1,43,830/- रूपये।**
- **अन्य अकाउन्ट में निवेश - बैलेंस:- 4,27,749/- रूपये।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बसरेहर एवं थाना वैदपुरा पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गयी कार्यवाही।

घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध/आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं साइबर गैंग बनाकर आम जनमानस को लालच देकर उनसे साइबर ठगी करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी के क्रम में दिनांक 25/26.04.2026 की रात्रि को थाना बसरेहर एवं थाना वैदपुरा पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान 02 मोटर साइकिल पर **सवार 04 व्यक्ति आते हुये दिखायी दिये जिन्हें पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा भागने का प्रयास किया गया जिस पर पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर लोहिया नहर पुल से गिरफ्तार किया गया।**

पुलिस पूछताछः-

पकड़े गये अभियुक्तों से पुलिस टीम द्वारा कडाई से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि हम चारों सगे भाई हैं। हमारा भाई सतीश पहले पानीपत में काम करता था इसी दौरान उसकी दोस्ती कुछ ऐसे व्यक्तियों से हो गयी जो साइबर ठगी करते थे और वह 01 वर्ष पूर्व नौकरी छोड़कर गाँव आ गया और मोबाइल से काफी पैसा कमाने लगा, उसकी कमाई को देखकर हम लोगों को भी लालच आ गया और हम चारों भाई मिलकर साइबर फ्रॉड करने लगे और साइबर फ्रॉड का पैसा अपने खातों में लेकर उसे ऑनलाइन अवैध बेटिंग एप्प में लगाने लगे तथा उस पैसे को अपने अकाउन्ट में ट्रान्सफर करके एटीएम और चैक के माध्यम से निकाल लेते थे या क्रिप्टो करेन्सी जैसे BINANCE/ BYBIT/ONLINE GOLD खरीदने में इन्वेस्ट कर देते थे।

साइबर फ्रॉड का तरीकाः-

अभियुक्तों द्वारा ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से पैसे को सीधे अपने खाते में न लेकर अलग-अलग खातों में ट्रान्सफर कर देते थे और फिर उन खातों से अपने खातों में लेकर उस पैसे को ऑनलाइन बेटिंग गेम में लगाकर अधिक पैसा जीतते थे और उसे अपने खातों में ट्रान्सफर कर लेते थे या ऑनलाइन निवेश कर देते थे। अभियुक्तगणों द्वारा यह तरीका साइबर फ्रॉड के पैसे को ऑनलाइन के माध्यम से कई खातों में घुमाया जाता है जिससे इस पैसे के सही स्रोत को छिपाया जा सके और यह लोग पुलिस से बच सकें।

गिरफ्तार अभियुक्तगणः-

1. सतीश कुमार उर्फ मनीष पुत्र राकेश कुमार निवासी अयारा थाना बसरेहर जनपद इटावा।
2. हरिओम पुत्र राकेश कुमार निवासी अयारा थाना बसरेहर जनपद इटावा।
3. अखिलेश कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी अयारा थाना बसरेहर जनपद इटावा।
4. अजीत कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी अयारा थाना बसरेहर जनपद इटावा।

पंजीकृत अभियोग-

1. **मु0अ0सं0 31/2026 धारा 318(4)/317(2) बीएनएस व 66(डी) आईटी एक्ट व 5/9(1) THE PROMOTION AND REGULATION OF ONLINE GAMING ACT-2025 थाना बसरेहर जनपद इटावा।**

नोट- मुख्य अभियुक्त सतीश कुमार के विरुद्ध NCRP पोर्टल पर 20 शिकायतें विभिन्न राज्य (UP, हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक आदि) में दर्ज है। जिनमे से 02 शिकायतों में निम्न FIR पंजीकृत हैं –

1. मु0अ0सं0 64/25, थाना साइबर क्राइम, गौतमबुद्धनगर
   - धारा 308(2)/318(4)/319(2) BNS व 66D IT Act
   - ठगी धनराशि: ₹59,50,000/-
2. मु0अ0सं0 23/25, थाना साइबर क्राइम, बरेली
   - धारा 318(4) BNS व 66D IT Act
   - ठगी धनराशि: ₹91,60,000/-

बरामदगी:- (कुल 91,18,042/- रूपये बरामद)

30,60,000/- रुपये नकद, अकाउंट में निवेश (कुल 60,58,042/- रूपये), 09 मोबाइल फोन भिन्न भिन्न कम्पनी के, 19 एटीएम कार्ड विभिन्न बैंको के, 01 सिम कार्ड वीआई, 04 पैन कार्ड, 09 पासबुक, 02 चेकबुक, 02 डीएल, 01 ई-श्रम कार्ड, 02 पर्स, 02 बैग, 02 मोटरसाइकिल **आरवन फाइव (R15) व पैशन प्रो (207 एमवीएक्ट मे सीज)**

पुलिस टीम- प्रथम टीम:- श्री सौरभ सिंह थानाध्यक्ष बसरेहर, का0ऑ0 अभिषेक चौधरी, का0 धर्मवीर, का0 सुखदेव, का0 अरविन्द, का0 अनूप, का0 चालक अंकुर चौधरी।

द्वितीय टीम:- श्री नागेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष वैदपुरा मय टीम।

नोट- उक्त सराहनीय कार्य में कुशल नेतृत्व प्रदान करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी सैफई को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुलिस टीम को उत्साहवर्धन हेतु 25,000/- रु0 से पुरस्कृत किया गया।